डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0/कुस0का0/स्था0/2023/21296 **दिनांकः** 25 अक्टूबर, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्याः जी–4317/सा–2–55/जी0एस0 दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 (प्रति संलग्न) द्वारा सूचित किया गया है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशों के अधीन समस्त राज्यों के राजभवन में स्थापना दिवस मनाये जाने के निर्देशों के क्रम में दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को लद्दाख एवं जम्मू एवं कश्मीर राज्य तथा दिनांक 01 नवम्बर, 2023 को अण्डमान एवं निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप एवं पुडुचेरी राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

विश्वविद्यालय/संस्थान में उपरोक्त राज्य के अध्ययनरत छात्र–छात्राएं एवं प्रवासित अध्यापकगणों की सूची (पता एवं मोबाइल नं0 सहित) उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है जिससे उपरोक्त आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु संबंधित को आमंत्रण पत्र प्रेषित किया जा सके।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उक्त से अवगत होते हुए राजभवन द्वारा मांगी गयी सूचना को राजभवन सचिवालय, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. स्टाफ आफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

632

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0
लखनऊ।

पत्रांक जी– 4317 / सा–2–55 / जी0एस0
दिनांक 11 अक्टूबर, 2023

प्रेषक,

विशेष सचिव, श्री राज्यपाल,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,

1. संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
2. डा0 शंकुतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. अटल बिहार बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
5. किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय,

कृपया गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशों के अधीन समस्त राज्यों के राजभवन में स्थापना दिवस मनाये जाने के निर्देशों के कम में दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को लद्दाख एवं ज़म्मू एवं कश्मीर राज्य तथा दिनांक 01 नवम्बर, 2023 को अण्डमान एवं निकोबार द्वीप,लक्षद्वीप एवं पुडुचेरी राज्य के स्थापना दिवस के अवसर राजभवन में कार्यकम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे यह कह कहने का निदेश हुआ है कि आपके विश्वविद्यालय / संस्थान में उपरोक्त राज्य के अध्यनरत छात्र–छात्राएं एवं प्रवासित अध्यापकगणों की सूची(पता एवं मोबाइल नं0 सहित) शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि उपरोक्त आयोजित होने के वाले कार्यकम में सम्मिलित होने हेतु उन्हें आमंत्रण पत्र प्रेषित किया जा सकें।

447
13/10/23

भवदीय,

Registrar
12/10/23

16622
13/10/23

(बद्री नाथ सिंह)
विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0।

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

(बद्री नाथ सिंह)
विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0।

AR(E) Shri Ravindra

13/X

Dy. Reg.
13/10/23

1483